# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)


पत्रांक : सम्ब०/1953/2026 दिनांक : 02/09/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय,
डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय: सत्र 2026–27 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के संबंध में बैठक।

महोदय/महोदया,

सत्र 2026–27 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया के सुचारु एवं प्रभावी संचालन तथा प्रवेश से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में एक बैठक दिनांक 07 सितम्बर, 2026 को अपराह्न 12:30 बजे विश्वविद्यालय के पालीवाल परिसर स्थित बृहस्पति भवन में आयोजित की जाएगी।

अतः समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि उक्त बैठक में भौतिक रुप से उपस्थित होकर आवश्यक अभिलेखों/सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें, ताकि समर्थ पोर्टल पर प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार–विमर्श कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

कुलसचिव

<u>प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. प्रो० मनु प्रताप सिंह, सहायक नोडल, समर्थ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
2. उप कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी, कुलसचिव कार्यालय।
4. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के लॉग–इन आई०डी० पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव